लोक सभा अध्यक्ष ने कृष्ण जन्माष्टमी की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, 4 सितम्बर, 2015 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने कृष्ण जन्माष्टमी की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्रीमती महाजन ने अपने सन्देश में कहा : "कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर पर मैं अपने सभी भाइयों और बहनों को बधाई देती हूँ । भगवान कृष्ण का अलौकिक स्वरुप और श्रीमदभगवद्गीता के रूप में दिया गया प्रेरणादायक सन्देश समाज में हमारे आचरण में सत्य, करुणा और सदाचार के आदर्श मूल्यों का प्रतीक है। कुरुक्षेत्र में अपने शिष्य अर्जुन को दिया गया उनका अलौकिक ज्ञान आज भी कर्म और सत्य में हमारे विश्वास को सुदृढ़ करता है और सदैव हमें लोगों की भलाई के लिए काम करने की प्रेरणा देता रहेगा । आइए हम भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव को उत्साहपूर्वक और हर्षोल्लास से मनाते हुए उनकी अलौकिक लीलाओं के आनंद में सराबोर हो जाएं। मेरी कामना है कि भगवान कृष्ण की शिक्षाएं हमें अपने जीवन में करुणा और जन कल्याण की भावना को आत्मसात करने की प्रेरणा देती रहें ।